एमआरओ/डीओएस/डाक/2024/03456
20 सितंबर 2024

सभी पंजीकृत आवास वित्त कंपनियां

महोदया/महोदय,

<u>मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) और कंपनी सचिव (सीएस) की भूमिकाएँ- सुझाव</u>

यह पाया गया है कि कई आ.वि.कं. में, मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) वर्तमान में कंपनी सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी संभाल रहे है।

2. अनुपालन कार्य की जिम्मेदारियों को भा.रि.बैंक अधिसूचना संदर्भ संख्या डीओएस. सीओ. पीपीजी./एसईसी.01/11.01.005/2022-23 दिनांकित 11 अप्रैल, 2022 में 'मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) - अनुपालन कार्य और भूमिका – एनबीएफसी' पर सूचीबद्ध किया गया है।

3. अनुपालन कार्य की समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए और बेहतर निगरानी के लिए, यह सुझाव दिया जाता है कि आवास वित्त कंपनियां कंपनी सचिव एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी की भूमिका को अलग करने के लिए विकल्पों का पता लगा सकती हैं।

भवदीय,

आर०के०अरविंद

(आर.के.अरविंद)
उप महाप्रबंधक